दिन–सोमवार दिनांक– 20 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन।

02. केंद्र सरकार ने राज्य में दो सड़क परियोजनाओं के लिए बाईस सौ करोड़ रूपये की स्वीकृति दी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सुपौल जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

04. और, पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में छह लोगों की मौत।

---

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो रहा है। दो दिवसीय इस सम्मेलन का उद्घाटन लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन का विषय है– **संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ–संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाए रखने में संसद और राज्य विधानमंडलों का योगदान।** आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि उदघाटन समारोह विधान मंडल के सेंट्रल हॉल में आयोजित होगा, जबकि पूर्ण सत्र विधानसभा के भीतर होगा। श्री यादव ने कहा कि समारोह में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराया जायेगा।

———बाइट————

हमारे संवाददाता ने बताया कि राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश आज सम्मेलन को संबोधित करेंगे। समापन समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। समारोह में लगभग तीन सौ प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

———बाइट———

सम्मेलन के दौरान आज लोकसभा अध्यक्ष बिहार विधान मंडल परिसर में राष्ट्रीय ई–विधान अप्लीकेशन सेवा केंद्र का उद्घाटन करेंगे और संसदीय प्रक्रिया की नियम पुस्तिका के आठवें संस्करण का लोकार्पण करेंगे। इधर, अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन से पहले कल देर शाम विधायी निकायों के सचिवों का इकसठवां सम्मेलन हुआ। इसमें प्रतिनिधियों ने कार्य कुशलता के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने समेत कई अन्य मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन की कार्यवाही का आकाशवाणी, पटना सीधा प्रसारण करेगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के प्राइमरी चैनल और एफएम रेनबो पर उपलब्ध होगा।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्य में दो सड़क परियोजनाओं के लिए बाईस सौ करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

केंद्र ने पटना में रामनगर से कच्ची दरगाह के बीच सिक्स–लेन ग्रीन फील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। यह कॉरिडोर आमस–दरभंगा राजमार्ग परियोजना के दूसरे चरण के एक हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर लगभग एक हजार तिरासी करोड़ रूपये की लागत आएगी। वहीं, किशनगंज जिले में एनएच–सत्ताईस और एनएच– तीन सौ सत्ताईस–ई को जोड़ने के लिए स्पर के निर्माण को भी मंजूरी दी गयी है। इसका निर्माण किशनगंज और बहादुरगंज के बीच होगा। इसकी लंबाई लगभग पच्चीस किलोमीटर होगी और इस पर एक हजार एक सौ सत्रह करोड़ रूपये खर्च होंगे। समाचार कक्ष से मैं डॉ. सविता पारीक।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में सुपौल जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से.....

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज जिले को कई विकास योजनाओं की सौगात देंगे। वे 134 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 52 योजनाओं का उद्घाटन और लगभग 164 करोड़ रुपए की 150 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार जिले के बिजलपुर पुनर्वास टोला में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय और तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा वे सुपौल में नव निर्मित टाउन हॉल और सुधा डेयरी प्लांट के विस्तारित संयंत्र का भी उद्घाटन करेंगे। श्री कुमार विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे और जीविका दीदियों तथा स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भी भाग लेने का कार्यक्रम है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

———————————————————————————————————

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएल परिवारों और घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए बिजली कंपनी ने विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव भेजा है। इसमें पूर्व निर्धारित शुल्क यानि सात रूपये बयालीस पैसे प्रति यूनिट की दर से ही बिजली बिल लेने का प्रस्ताव है। इस दर पर अनुदान मिलने के बाद उपभोक्ताओं को मात्र दो रूपये पैंतालीस पैसे प्रति यूनिट बिजली बिल देना होगा। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद पचास यूनिट से अधिक खपत पर उपभोक्ताओं को चालीस पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। वहीं, बिजली कंपनी ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले उपभोक्ताओं को पच्चीस पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली देने का प्रस्ताव दिया है।

———————————————————————————————————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सदस्यों का प्रोफाइल अद्यतन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया आसान कर दी है। आधार से अभिप्रमाणित खाता संख्या वाले सदस्य अपनी संबंधित जानकारी अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए अब दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया कि इस संशोधन से तात्कालिक रूप से तीन लाख नब्बे हजार सदस्यों को फायदा होगा, जिनके अनुरोध विभिन्न चरणों में लंबित हैं।

———————————————————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है। इधर, आज राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में सुबह से ही अच्छी धूप खिली हुई है, जिससे लोगों को ठंड से मामूली राहत मिली है। हालांकि पछुआ हवा के प्रभाव से लोगों को अभी भी कनकनी महसूस हो रही है।

———————————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में छह लोगों की मौत हो गई है। मृतक के परिजनों ने शराब पीने से मौत

की आशंका जताई है। इस बीच, नरकटियागंज के अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दो लोगों की मौत दमे की बीमारी और लकवा से हुई है। तीन की मौत कोल्ड डायरिया से जबकि एक व्यक्ति की मौत शराब पीने की लत और फेफड़ा खराब होने से हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

———बाइट———

————————————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने दिसम्बर महीने के प्रदर्शन के आधार पर सभी अंचलों की रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में मुजफ्फरपुर जिले के पारू अंचल को पहला स्थान मिला है। वैशाली जिले का पातेपुर दूसरे और बांका का फुल्लीडुमर अंचल तीसरे स्थान पर है। वहीं, पटना का बिहटा अंचल इस सूची में सबसे अंतिम पायदान पर है।

————————————————————————————————

प्रदेश में अब तक लगभग उन्नीस लाख मीट्रिक टन धान की सरकारी खरीद हुई है। यह निर्धारित लक्ष्य से छब्बीस लाख टन कम है। राज्य के सरकारी क्रय केंद्रों पर पंद्रह जनवरी तक धान की अधिप्राप्ति की जाएगी। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अबतक सिर्फ छह जिलों में ही निर्धारित लक्ष्य के पचास प्रतिशत धान की खरीद हुई है।

————————————————————————————————

राजद के राज्यसभा सांसद संजय यादव से अपराधियों ने बीस करोड़ रुपए रंगदारी की मांग की है। इस संबंध में सांसद ने पटना सचिवालय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि अपराधियों ने उनसे वॉट्सएप कॉल के जरिए रंगदारी की मांग की है। पैसे नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। एस डी पी ओ डॉक्टर अनु ने बताया कि जिस नंबर से फोन आया है उसकी जांच की जा रही है।

————————————————————————————————

बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राणपुर गांव में भूमि विवाद में दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। झड़प में पांच लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची

पुलिस टीम पर भी लोगों ने हमला कर दिया। इसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। साथ ही असामाजिक तत्वों ने पुलिस की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि घायल लोगों और पुलिसकर्मियों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————————————

टीम इंडिया ने पहले खो खो विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में भारतीय टीमों ने खिताबी मुकाबले में फुर्ती, बेहतर रणनीति और शानदार खेल कौशल दिखाया। भारतीय पुरुष टीम ने नेपाल के खिलाफ फाइनल मैच चौवन–छत्तीस के स्कोर से जीता। वहीं, भारतीय महिला टीम ने फाइनल में नेपाल को अठहत्तर–चालीस के बड़े स्कोर से पराजित किया। महिला टीम में भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल के डीमाहा गांव की मोनिका भी शामिल थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला और पुरूष टीम को खो–खो विश्वकप जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————————

किऊल–गया रेलखंड पर वंदे भारत ट्रेन पर पिछले दिनों पत्थरबाजी करने के मामले में नवादा आरपीएफ ने बारह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है – बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती होगी बिजली।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – महाकुंभ क्षेत्र में आग की लपेट में आए दो सौ से अधिक टेंट, आधे घंटे में काबू।

प्रभात खबर ने पीठासीन पदाधिकारी के सम्मेलन से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – बिहार में तैंतालीस साल बाद आज जुटेंगे देश भर के विधानसभा अध्यक्ष।

दैनिक भास्कर लिखता है – कटिहार में नाव हादसा, पंद्रह की क्षमता वाली नाव पर अठारह लोग थे, तेज हवा से गंगा में डूबी, तीन की मौत। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है – आज से ट्रंप युग। अमरिका को आशा, दुनिया को आशंका।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – आज से पटना में खुलेंगे आठवीं तक के विद्यालय।

आज अखबार लिखता है – राज्यसभा सदस्य से मांगी गई बीस करोड़ की रंगदारी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

1. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे उद्घाटन।

02. केंद्र सरकार ने राज्य में दो सड़क परियोजनाओं के लिए बाईस सौ करोड़ रूपये की स्वीकृति दी।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सुपौल जिले में लगभग तीन सौ करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

04. और, पश्चिम चम्पारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में छह लोगों की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।